रोल नं. | | | | | | | |

**SERIES : 8**

# Code No. 101 — Paper Code–5

- *इस प्रश्न-पत्र में **90** बहु-वैकल्पिक प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न का एक अंक है। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*
- *उत्तर पत्रक पर विवरण लिखने/उत्तर देने के लिए केवल काले/नीले बॉल प्वॉइन्ट पेन का प्रयोग करें।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में बाएं हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र ओ.एम.आर. पर लिखें।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए पेपर कोड नम्बर को छात्र ओ.एम.आर. पर लिखें।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **90** प्रश्न हैं।*
- *अपठित उत्तर या ऐसे उत्तर, जिन्हें काटा या बदला गया है, निरस्त कर दिए जाएँगे।*
- *दिए गए 4 विकल्पों में से परीक्षार्थी को प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए केवल एक ही विकल्प चुनना है।*
- *परीक्षार्थी उत्तर पत्रक पर अपना अनुक्रमांक अंकों के साथ-साथ गोले में भी भरें।*

## हिन्दी

*समय : 1½ घंटे ]* *[ पूर्णांक : 90*

---

**1.** पद्म खण्ड में सिद्धार्थ का स्वागत किसने किया :

(A) नवयुवतियों ने (B) राजकुमारों ने

(C) नवयुवकों ने (D) राजकुमारियों ने

**2.** सिद्धार्थ ने कपिलवस्तु में कब तक प्रवेश न करने की घोषणा की :

(A) जब तक जन्म-मृत्यु के पार न देख लें

(B) जब तक राज्य न मिल जाए

(C) जब तक पुनः जन्म न ले लें

(D) जब तक मर न जाएं

**3.** शिकारी ने अपने काशाय वस्त्र किसको दिये :

(A) छंदक को (B) ऋषि को

(C) कंथक को (D) सिद्धार्थ को

**4.** कामदेव, चित्रायुद्ध और पुष्पशर किसे कहा जाता है :

(A) मार को (B) देवताओं को

(C) इंद्र को (D) यमराज को

**5.** संसार के अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाने के लिए महात्मा बुद्ध ने कहाँ जाने की इच्छा की :

(A) प्रयाग (B) काशी (C) गया (D) हरिद्वार

**6.** महात्मा बुद्ध के करुणायुक्त बचनों को प्रथम बार सुन और दिव्य ज्ञान प्राप्त करने वाले पाँच भिक्षुओं में से एक का नाम बताओ :

(A) कोनडेय (B) आनंद (C) कौन्तेय (D) कौंडिन्य

**7.** वैशाली में भगवान बुद्ध ने किस सरोवर के तट पर निवास किया :

(A) कर्कट (B) घर्कट (C) तर्कट (D) मर्कट

**8.** तथागत ने अपने किस भक्त के घर अंतिम भोजन किया :

(A) चुंद (B) यश (C) आनन्द (D) कौंडिन्य

**9.** तथागत के अनुसार उनका अंतिम शिष्य कौन था :

(A) वीरभद्र (B) सुभद्र (C) बलभद्र (D) भूभद्र

**10.** 'वह चला गया परन्तु रास्ते से लौट आया।' इस वाक्य में दो सरल वाक्यों को किस शब्द से संयुक्त किया गया है :

(A) परन्तु (B) से (C) रास्ते (D) गया

**11.** 'अर्थ' के आधार पर वाक्य कितने प्रकार के होते हैं :

(A) आठ (B) ग्यारह (C) दस (D) नौ

**12.** 'आपको क्या डर है ?' वाक्य अर्थ के आधार पर किस भेद का वाचक है :

(A) विधानवाचक (B) प्रश्नवाचक

(C) आज्ञावाचक (D) निषेधवाचक

**13.** 'चिर महान' को पाने की प्रार्थना किस कविता में की गई है :

(A) जग जीवन में जो चिर महान (B) राम वनगमन

(C) गिरिधर की कुंडलियाँ (D) जागरण गीत

**14.** कवि सुमित्रानन्दन पंत 'नवजीवन का विहान' कहाँ लाना चाहते हैं :

(A) घर में (B) कहीं नहीं (C) भारत में (D) विश्व में

**15.** 'जग जीवन में जो चिर महान' कविता के कवि कौन हैं :

(A) सोहन लाल द्विवेदी (B) तुलसीदास

(C) गिरिधर (D) सुमित्रानन्दन पंत

**16.** श्रीनारायण गुरु ने समाधि कहाँ ली :

(A) विष्णुगिरि (B) रामगिरि

(C) शंकरगिरि (D) शिवगिरि

**17.** चिड़िया बच्चे की चोंच से अपनी चोंच मिलाकर चीं-चीं करती हुई, उसे क्या बंधाने की कोशिश करती रही :

(A) हिम्मत (B) तिनके (C) धीरज (D) साहस

**18.** चिड़िया और उसका बच्चा किसके घर में बंद थे :

(A) श्याम व्यास (B) असरानी

(C) चिंकी (D) जयदीप

**19.** माता के स्वर्गवासी होने पर सिद्धार्थ का लालन-पालन किसने किया :

(A) चाची ने (B) पिता ने (C) बुआ ने (D) मौसी गौतमी ने

**20.** कर्ता, क्रिया और कर्म में लिंग, वचन और पुरुष का परस्पर सम्बन्ध क्या कहलाता है :

(A) संगति (B) अन्विति (C) सार्थकता (D) असंगति

**21.** 'कम बोलता है बहुत रमेश।' वाक्य में पदक्रम ठीक करने पर कौन-सा वाक्य शुद्ध होगा :

(A) रमेश बहुत कम बोलता है (B) रमेश कम बहुत है बोलता

(C) बोलता है कम बहुत रमेश (D) बहुत कम बोलता है रमेश

**22.** किस आधार पर वाक्यों के तीन प्रकार माने गये हैं :

(A) अर्थ (B) व्युत्पत्ति (C) रचना (D) उत्पत्ति

**23.** किसी सरकारी विभाग द्वारा किसी व्यक्ति को भेजा गया पत्र क्या कहलाता है :

(A) सरकारी (B) शिकायती

(C) घरेलू (D) गैर-सरकारी

**24.** सरकारी पत्र में कौन-सा सम्बोधन शब्द लिखा जाता है :

(A) पूजनीय (B) महोदय (C) प्रिय (D) पूज्य

**25.** सरकारी पत्र कौन लिख सकता है :

(A) पिता (B) सरकारी विभाग

(C) गैर-सरकारी संस्था (D) माता

**26.** सुप्रसिद्ध ध्वज वंदना 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा' की रचना किसने की :

(A) मैथिलीशरण गुप्त (B) केदारनाथ अग्रवाल

(C) श्यामलाल गुप्त पार्षद (D) सियारामशरण गुप्त

**27.** 'राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा' पाठ के लेखक का नाम बताओ :

(A) जगमोहन सिंह राजपूत (B) प्रेमचंद

(C) कन्हैया लाल (D) रामधारी सिंह

**28.** श्रीनारायण गुरु का जन्म किस सन् में हुआ :

(A) 1956 (B) 1857 (C) 1856 (D) 1865

**29.** राजा की आज्ञा प्राप्त कर राजकुमार की खोज में कौन निकल पड़े :

(A) राजपुरोहित और मंत्रीगण (B) राजकुमार

(C) मंत्रीगण (D) राजपुरोहित

**30.** पदक्रम का विशेष महत्व किसमें होता है :

(A) वर्ण (B) पद (C) वाक्य (D) शब्द

**31.** 'मोहन जाता है', वाक्य में 'जाता है' क्या है :

(A) कर्ता (B) विशेषण (C) क्रिया (D) कर्म

**32.** 'अरे, यह क्या !' वाक्य में 'अरे' क्या है :

(A) समुच्चय बोधक (B) संबंधवाचक

(C) क्रिया विशेषण (D) विस्मयादि बोधक

**33.** जल का दूसरा नाम क्या है :

(A) मृत्यु (B) जलना (C) पानी (D) जीवन

**34.** स्वास्थ्य अधिकारी को किस प्रकार का शिकायती-पत्र लिखा जा सकता है :

(A) समाचार-पत्र सम्बन्धी (B) डाक सम्बन्धी

(C) सफाई सम्बन्धी (D) टेलीफोन सम्बन्धी

**35.** डाकिए की शिकायत किससे करेंगे :

(A) डाकिए से (B) डाकपाल से

(C) डाकघर कर्मचारी से (D) स्वास्थ्य अधिकारी से

**36.** नचिकेता ने यमराज से तीसरे वर के रूप में क्या रहस्य समझना चाहा :

(A) आत्मा का रहस्य (B) यमपुरी का रहस्य

(C) मृत्यु का रहस्य (D) जीवन का रहस्य

**37.** डॉ चंद्रा का गरदन के नीचे का पूरा शरीर किस रोग ने निर्जीव कर दिया :

(A) पोलियो (B) अधरंग (C) पीलिया (D) ज्वर

**38.** डॉ. चंद्रा ने प्रो. सेठना के निर्देशन में कितने वर्ष शोधकार्य किया था :

(A) दो वर्ष (B) सात वर्ष (C) पाँच वर्ष (D) चार वर्ष

**39.** सिद्धार्थ ने तत्वज्ञान किससे प्राप्त किया :

(A) महर्षि असित से (B) ऋषि विश्वामित्र से

(C) अराड़ मुनि से (D) भार्गव ऋषि से

**40.** उद्देश्य और विधेय किसके अंग हैं :

(A) शब्द (B) पद (C) वर्ण (D) वाक्य

**41.** जिसके बारे में बात कही जाए, उसे क्या कहते हैं :

(A) कर्त्ता (B) क्रिया (C) उद्देश्य (D) कर्म

**42.** प्रायः उद्देश्य वाक्य में कहाँ होता है :

(A) प्रारंभ (B) प्रारंभ और अंत (C) अंत (D) मध्य

**43.** जनसंख्या की दृष्टि से हमारे देश का संसार में कौन-सा स्थान है :

(A) पहला (B) चौथा (C) तीसरा (D) दूसरा

**44.** जनसंख्या वृद्धि रोकना क्या है :

(A) देशद्रोह (B) गरीबी को निमंत्रण

(C) विकास में रुकावट (D) देशभक्ति

**45.** जो कुछ भी हमारे चारों ओर विद्यमान है, हमें ढके-लपेटे हुए है, उसे क्या कहते हैं :

(A) पर्यावरण (B) दूषित वायु

(C) ध्वनि (D) गन्दगी

**46.** हाथ, पाँव, मुँह, कान, आँख आदि में सबसे ऊँचा स्थान किसे प्राप्त है :

(A) कान (B) मुँह (C) आँख (D) नाक

**47.** कुंभकर्ण की भाँति सोने पर नाक कैसी बजती है :

(A) ढोलक सी (B) सितार सी

(C) नक्कारे सी (D) तबले सी

**48.** वाजश्रवा दक्षिणा में क्या देने लगा :

(A) बैल (B) बूढ़ी गाएँ

(C) दूध देने वाली गाएँ (D) बूढ़े घोड़े

**49.** 'गय' और 'नदी' किसके भाई थे :

(A) काश्यप मुनि के (B) भार्गव ऋषि के

(C) भगवान बुद्ध के (D) अराड़ मुनि के

**50.** भाषा कैसे व्यवहार की वस्तु है :

(A) नैतिक (B) व्यावहारिक (C) आर्थिक (D) सामाजिक

**51.** मनुष्य बोलकर ही नहीं, लिखकर भी अपने विचार किस माध्यम से दूसरों तक पहुँचा सकता है :

(A) वर्ण (B) भाषा (C) वाक्य (D) शब्द

**52.** व्याकरण के कितने मुख्य भाग हैं :

(A) चार (B) पाँच (C) दो (D) तीन

**53.** एक स्वतंत्र उपवाक्य को क्या कहा जाता है :

(A) मिश्र वाक्य (B) विधानवाचक वाक्य

(C) सरल वाक्य (D) संयुक्त वाक्य

**54.** जो उपवाक्य मुख्य उपवाक्य में संज्ञापद अथवा सर्वनाम पद की विशेषता बताता है, उसे किस प्रकार का उपवाक्य कहते हैं :

(A) संज्ञा उपवाक्य (B) क्रिया विशेषण उपवाक्य

(C) विशेषण उपवाक्य (D) सर्वनाम उपवाक्य

**55.** वाक्याँश को भी हम क्या कह सकते हैं :

(A) पदबंध (B) वाक्यबंध (C) पदसमूह (D) पदक्रम

**56.** 'जागरण गीत' में कवि किसको जगा रहा है :

(A) असावधान और बेख़बर पड़े लोगों को (B) खोए हुए लोगों को

(C) जागे हुए लोगों को (D) सावधान लोगों का

**57.** 'सोहनलाल द्विवेदी' बूँद से क्या बन जाने की प्रेरणा देते हैं :

(A) नदी (B) सरोवर (C) सागर (D) नाला

**58.** 'जागरण गीत' में कवि क्या चाहता है :

(A) सभी प्रगति पथ पर बढ़ें (B) सभी प्रगति पथ पर डरें

(C) सभी प्रगति पथ पर रुकें (D) सभी प्रगति पथ से हटें

**59.** सुदत्त किस नगर का निवासी था :

(A) श्रावस्ती (B) अयोध्या (C) कौसल (D) श्रीवस्ती

**60.** वर्णों के उच्चारण, लेखन और संयोजन के नियमों की चर्चा, किस व्यवस्था के अन्तर्गत की जाती है :

**61.** कौन-सी भाषा पूरे भारत में अधिक बोली और समझी जाती है :

(A) पंजाबी (B) गुजराती (C) तमिल (D) हिन्दी

**62.** फ़ारसी में किस वर्ण का उच्चारण 'ह' की भाँति होता है :

(A) क़ (B) स (C) ग़ (D) फ़

**63.** 'उस घर के कोने में बैठा हुआ आदमी अंधा है।' रेखांकित में क्या पदबंध है :

(A) क्रिया पदबंध (B) संज्ञा पदबंध

(C) विशेषण पदबंध (D) क्रिया विशेषण पदबंध

**64.** 'बादलों को बरसने दो।' यह वाक्य किस वाच्य के अन्तर्गत आता है :

(A) कर्तृवाच्य (B) उभयवाच्य (C) भाववाच्य (D) कर्मवाच्य

**65.** एक प्रकार की वाक्य संरचना को दूसरी संरचना में बदलना क्या कहलाता है :

(A) स्थानांतरण (B) संरचनांतरण

(C) रूपांतरण (D) हस्तांतरण

**66.** 'जागरण गीत' में कवि लोगों को किस प्रकार जगाने आ रहा है :

(A) खाना खाकर (B) गीत सुनकर

(C) गीत गाकर (D) गीत लिखकर

**67.** गिरिधर कवि के अनुसार, भविष्य को सँवारने का प्रयत्न कैसे होगा :

(A) बीती बातों में उलझकर (B) भविष्य दांव पर लगाकर

(C) भविष्य बिगाड़कर (D) बीती बातों में न उलझकर

**68.** कार्य सिद्ध होने तक किसी के सामने क्या प्रकट नहीं करना चाहिए :

(A) चुगली (B) दूसरों की बात

(C) निंदा (D) मन की बात

**69.** शुद्धोदन की पत्नी का क्या नाम था :

(A) महारानी (B) रानी (C) माया (D) पृथ्वी

**70.** भारतीय संविधान में कितनी भाषाएँ स्वीकृत हैं :

(A) सोलह (B) बीस (C) बाइस (D) चौदह

**71.** पूरे भारत की संपर्क भाषा हिन्दी विदेशों में भी बोली जाने के कारण किस भाषा के रूप में विकसित हो रही है :

(A) प्रांतीय (B) राष्ट्रीय (C) अन्तर्राष्ट्रीय (D) भारतीय

**72.** हिन्दी शब्द किस भाषा से आया है :

(A) तमिल (B) अंग्रेजी (C) फ़ारसी (D) कन्नड़

**73.** 'अन्याय पर न्याय और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक' कौन-सा त्योहार है :

(A) विजयदशमी (B) रक्षाबन्धन

(C) जन्माष्टमी (D) रामनवमी

**74.** 'दशहरा' पर्व पर किसकी लीला का आयोजन किया जाता है :

(A) श्रीराम (B) श्रीहरि (C) श्रीगणेश (D) श्रीकृष्ण

**75.** 'होली' का संदेश क्या है :

(A) वैर (B) शराब पीना

(C) मेल-मिलाप (D) जुआ खेलना

**76.** किसके बिना व्यक्ति सुशोभित नहीं होता :

(A) गुण (B) धन (C) जाति (D) धर्म

**77.** मनुष्य को कब पछताना पड़ सकता है :

(A) प्रत्येक कार्य को सोचने-समझने से

(B) कार्य करने से पहले

(C) बिना सोचे-समझे कार्य करने के बाद

(D) कार्य करने से

**78.** 'राम वनगमन' की पंक्तियाँ तुलसीदास जी की किस रचना से ली गई हैं :

(A) दोहावली (B) प्रश्नावली (C) रचनावली (D) कवितावली

**79.** प्रहार शब्द का अर्थ क्या है :

(A) चोट (B) विशाल (C) उन्नति (D) उजाला

**80.** दक्षिणी भारत में बोली जाने वाली हिन्दी क्या कहलाती है :

(A) दक्खिनी हिन्दी (B) पूर्वी हिन्दी

(C) उत्तरी हिन्दी (D) पश्चिमी हिन्दी

**81.** पदों के सार्थक योग से किसकी रचना होती है :

(A) वाक्य (B) पद (C) वर्ण (D) शब्द

**82.** वाक्य में बात समझाने के लिए क्या होना आवश्यक है :

(A) योग्यता (B) सभी (C) आसत्ति (D) आकांक्षा

**83.** होलिका किसकी बहन थी :

(A) रावण (B) दुशासन

(C) हिरण्यकश्यप (D) जरासंध

**84.** पन्द्रह अगस्त को कौन-सा राष्ट्रीय पर्व मनाया जाता है :

(A) गणतन्त्र दिवस (B) बाल दिवस

(C) शहीदी दिवस (D) स्वतन्त्रता दिवस

**85.** स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री द्वारा झंडा कहाँ फहराया जाता है :

(A) राष्ट्रपति भवन (B) प्रधानमंत्री निवास

(C) लाल किला (D) इण्डिया गेट

**86.** वन जाते समय श्रीराम और लक्ष्मण के साथ और कौन था :

(A) भरत (B) हनुमान (C) रावण (D) सीता

**87.** वन मार्ग में सीता के माथे पर कैसी बूंदें आ जाती हैं :

(A) रक्त की (B) जल की (C) तेल की (D) दूध की

**88.** राजा दशरथ के दोनों बालकों का रूप कैसा है :

(A) कंचन (B) दामिनी (C) मनोहर (D) साँवला

**89.** कुलू में साल भर का व्यापार प्रायः कौन-से मेले में एक दिन में ही हो जाता है :

(A) दशहरे (B) दीपावली (C) होली (D) जन्माष्टमी

**90.** हिमाचल के किस स्थान का नाम मुनाल पक्षी के नाम पर पड़ा :

(A) मनाली (B) धर्मशाला (C) शिमला (D) सनौली